




... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, मंगलवार, 14 अप्रैल-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 195 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया










# नोएडा में दूसरे दिन भी घमासान

## तीखी झड़प, पथराव, पुलिस ने भाजीं लाठी, छोड़े आंसू गैस के गोले, फोर्स तैनात

● पत्थरबाजों पर सख्ती
● सीसीटीवी से उपद्रवियों की पहचान
● 350 से ज्यादा गिरफ्तारी



**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर में सैलरी बढ़ाने की मांग को लेकर फैक्ट्री कर्मचारी मंगलवार को भी सड़कों पर उतर आए। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो झड़प हो गई। भीड़ ने 2–3 जगहों पर पुलिस की गाड़ियों पर पथराव किया। पुलिस ने थोड़ी देर में ही हालात पर काबू पा लिया। प्रदर्शनकारियों को वहां से खदेड़ दिया। फिलहाल, पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों के जवान इंडस्ट्रियल इलाकों में सुबह 5 बजे से फ्लैग मार्च कर रहे हैं। सीसीटीवी और ड्रोन से निगरानी की जा रही है। इसके अलावा, पीएसी और RAF की 15 कंपनियां, 26 अफसर (8 एडिशनल एसपी और 18 डीएसपी) नोएडा भेजे गए हैं। आज ज्यादातर कंपनियां बंद हैं। मंगलवार को पुलिस ने जगह-जगह सुरक्षा कड़ी कर दी है। फिर भी प्रदर्शन की छुटपुट घटनाएं की सूचना आ रही है। किसी भी प्रकार की अनहोनी को रोकने के लिए पुलिस पूरी मुस्तैदी दिखा रही है। फिर भी अराजक तत्वों ने सेक्टर 121 और नोएडा फेस-2 में कुछ हिंसक घटनाओं को अंजाम दिया है। आज फिर फेज 2 समेत कई इलाकों में प्रदर्शनकारी इकट्ठा हुए और पत्थरबाजी की। फरीदाबाद सेक्टर 37 स्थित मदरसन कंपनी के बाहर प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। ग्रेटर नोएडा के कासना स्थित यूआईएल कंपनी में श्रमिकों और पुलिस के बीच हाथापाई हुई, जिसमें कई श्रमिक घायल हो गए। आज नोएडा के फेज-2 में प्रदर्शनकारियों ने फिर से इकट्ठा होकर पत्थरबाजी की।स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए वहां पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। प्रदर्शनकारियों को मौके से खदेड़ दिया गया। घटना होने के साथ ही पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए क्षेत्र को लोगों से खाली करवा दिया है। इस बीच सेक्टर 121 में पत्थरबाजी कर शांत माहौल को खराब करने वालों पर पुलिस ने सख्ती शुरू कर दी है। गलियों में उतरकर पुलिस ने ऐसे उपद्रवियों की पहचान कर उन्हें हिरासत में लेना शुरू कर दिया है। इसके साथ ही गलियां सूनी हो गई हैं। नोएडा के गढ़ी चौखंडी के पास प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए आंसु गैस के गोले छोड़ने के साथ ही पुलिस ने हवाई फायरिंग भी की। इस बीच पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने बताया कि सोमवार को नोएडा में हुई हिंसा के संदर्भ में कुल सात मुकदमे दर्ज किए गए हैं। साथ ही, 350 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, इन्हें उकसाने वाले लोगों की भी पहचान की जा रही है। उन्हें भी आने वाले समय में गिरफ्तार किया जाएगा। सेक्टर 63 स्थित डी ब्लॉक में औद्योगिक ईकाई पर कर्मचारियों के प्रदर्शन के बाद मंगलवार को प्रबंधन ने मुख्य गेट पर दो दिन छुट्टी का नोटिस चस्पा कर दिया है। जब रोज की तरह कर्मचारी कम्पनी में पहुंचे तो उन्हें छुट्टी का पता चला। फिलहाल, कम्पनी के बाहर पुलिस बल तैनात है।

### घरेलू सहायिकाओं ने भी किया प्रदर्शन

घरेलू सहायिकाओं ने भी वेतन वृद्धि को लेकर विरोध शुरू कर दिया है। मंगलवार को सेक्टर-121 स्थित Cleo County में घरेलू सहायिकाओं ने प्रदर्शन किया। मामला इतना बढ़ गया कि सोसायटी प्रबंधन को पुलिस बुलानी पड़ी।

## चुनाव खत्म होते ही बढ़ेंगे पेट्रोलियम पदार्थों के दाम!

● इन्तजार में टकटकी लगाए बैठी हैं रिफायनरी कंपनियां

**नई दिल्ली।** कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों की वजह से पेट्रोल 18 रुपये और डीजल 35 रुपये प्रति लीटर तक महंगा हो सकता है। विदेशी ब्रोकरेज फर्म मैक्वायरी की रिपोर्ट में कहा गया है कि क्रूड ऑयल महंगा होने के बावजूद देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें स्थिर हैं। इससे कंपनियों को नुकसान हो रहा है। ऐसे में पश्चिम बंगाल सहित 5 राज्यों में चुनाव खत्म होने के बाद कंपनियां दाम बढ़ा सकती है। कच्चा तेल महंगा होने से कंपनियों को प्रति लीटर पेट्रोल पर 18 रुपए और डीजल पर 35 रुपए का घाटा हो रहा है।

## चौधरी होंगे बिहार के नए सम्राट

● विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से नेता चुने गए, नीतीश कुमार ने दिया इस्तीफा



**पटना।** राजद से जदयू के रास्ते भाजपा पहुंचे सम्राट चौधरी बिहार के नए मुख्यमंत्री होंगे। भाजपा पहली बार बिहार में अपना मुख्यमंत्री दे रही है। वीर चंद्र पटेल मार्ग स्थित भाजपा कार्यालय में पार्टी के विधायक दल की बैठक में सभी वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में सम्राट चौधरी को विधायक दल का नेता चुन लिया गया। अब सम्राट कुछ देर में लोकभवन जाकर नई सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे।

भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय सिन्हा ने कहा कि मैं पार्टी के विधानमंडल के नेता के रूप में सम्राट चौधरी के नाम का प्रस्ताव रखता हूं। इसके बाद रेणु देवी, मंगल पांडेय, दिलीप जायसवाल समेत विधायकों ने उनके नाम पर स्वीकृति प्रदान की। इसके बाद सम्राट चौधरी को सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता चुन लिया गया। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सभी विधायकों ने विजय कुमार सिन्हा द्वारा प्रस्तावित सम्राट चौधरी के नाम पर स्वीकृति दी।

मौजूदा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज दोपहर करीब 3 बजे अपनी अंतिम कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करने के बाद इस्तीफा दे दिया है।

## हिमंत बिस्वा सरमा के खिलाफ राष्ट्रीय महिला आयोग में शिकायत



**दिसपुर।** असम विधानसभा चुनाव के दौरान राजनीतिक बयानबाजी अब व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप तक पहुंच गई है। असम जातीय परिषद (AJP) की उम्मीदवार कुनकी चौधरी की मां, सुजाता गुरूंग चौधरी ने मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के खिलाफ राष्ट्रीय महिला आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में सुजाता चौधरी ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सरमा ने चुनाव प्रचार के दौरान उनके खिलाफ झूठे, बेबुनियाद और दुर्भावनापूर्ण बयान दिए। उनका कहना है कि इन बयानों का मकसद उनकी छवि खराब करना और उनकी बेटी कुनकी चौधरी को राजनीतिक रूप से निशाना बनाना था।

## अब जिनेवा में होगी शांति के लिए बैठक!

**वॉशिंगटन।** पश्चिम एशिया में अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के चलते संकट गहराता जा रहा है। बीते दिनों इस्लामाबाद में हुई शांति वार्ता के असफल होने के बाद हालात और अधिक जटिल हो गए हैं, जिससे वैश्विक चिंता बढ़ गई है। हालांकि अब एक बार फिर दोनों देशों के बीच नई बातचीत की संभावना जताई जा रही है। पिछली विफलता के बावजूद कूटनीतिक चैनल सक्रिय हैं और अगली शांति वार्ता की तैयारी तेज हो गई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, दोनों देश इस हफ्ते के अंत तक फिर से आमने-सामने बैठ सकते हैं। यह बातचीत उस दो हफ्ते के अस्थायी युद्धविराम (सीजफायर) से पहले हो सकती है, जो 21 अप्रैल को खत्म होने वाला है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि अगली बातचीत के लिए जिनेवा को सबसे संभावित जगह माना जा रहा है। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि पिछली बार जैसी ही उच्च स्तरीय टीम इसमें शामिल होगी या नहीं।

## जयंती पर बाबा साहब को श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत अन्य सियासी हस्तियों ने उन्हें नमन किया। इसी के साथ उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे समेत अन्य सांसदों ने संसद परिसर में स्थित बीआर आंबेडकर प्रेरणा स्थल पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति ने एक्स पर लिखा, बाबासाहेब एक न्यायविद, अर्थशास्त्री, गहन विचारक और समतावादी सामाजिक व्यवस्था के प्रबल समर्थक थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनका जीवन और कार्य पीढ़ियों को एक न्यायपूर्ण और प्रगतिशील समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करता रहेगा।


### अम्बेडकर की विरासत को कमजोर किया जा रहा



कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में कहा, 'बाबा साहेब ने हमें सिर्फ संविधान नहीं, न्याय, समानता और सम्मान पर आधारित एक सशक्त भारत का सपना दिया। लेकिन आज कुछ ताकतें सुनियोजित तरीके से बाबासाहेब की इस विरासत और हमारे संविधान को कमजोर करने में लगी हैं। लोकतांत्रिक संस्थाओं को खोखला किया जा रहा है, अधिकारों को कुचला जा रहा है।

## आ रही तन के साथ मन को झुलसा देने वाली गर्मी

### दिल्ली से लेकर उत्तर प्रदेश और बिहार तक बरसेगी आग



● आठ राज्यों में लू का अलर्ट, 41 डिग्री से ऊपर जाएगा तापमान

**नई दिल्ली।** अप्रैल का महीना जैसे-जैसे बीत रहा है, वैसे-वैसे ही तापमान में भी लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 4 से 5 दिनों के दौरान उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत में अधिकतम तापमान में 3 से 6°C की धीरे-धीरे वृद्धि होने की संभावना है। दिल्ली-एनसीआर समेत पूरे उत्तर भारत के तापमान में बढ़ोत्तरी देखने को मिल रहा है। अप्रैल के मध्य में ही कई शहरों का तापमान 40°C तक पहुंचने लगा है। उत्तर-पश्चिम भारत में आज यानी 14 से 18 अप्रैल के बीच तापमान में 4 से 6 डिग्री तक बढ़ोतरी की संभावना है। दिल्ली-एनसीआर में अगले 17 अप्रैल तक अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। यानी आने वाले दिनों में उत्तर भारत के लोगों को चिलचिलाती धूप और बढ़ती गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। पिछले 14 घंटे के दौरान देश में सबसे अधिक अधिकतम तापमान 43.1°C अकोला (महाराष्ट्र) में दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, पूरे भारत में तापमान लगातार बढ़ रहा है। उत्तरी मैदानों, पश्चिमी क्षेत्रों और मध्य भारत में समय से पहले ही लू जैसी स्थितियां देखने को मिल रही हैं। 14, 15, 16 अप्रैल को मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, बिहार, झारखंड, गुजरात, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में हीटवेव (लू) का अलर्ट जारी है।




जनमुख हिन्दी दैनिक City लाईव
● तापमान अधिकतम : 36.7°C
● तापमान न्यूनतम : 20.8°C
● सूर्योदय : 06.11
● सूर्यास्त : 06.05
वाराणसी, 14 अप्रैल, मंगलवार, 2026 (3)





पीएनबी के स्थापना दिवस के अवसर पर सोल्जराथन दौड़ में भागीदारी करते गोरखा रेजिमेंट के सैनिक व अन्य।

जनमुख डेस्क

# खरमास समाप्त, लगन शुरू

## शादी समारोहों की धूम, शुभ तिथियों से बाजारों में बढ़ेगी रौनक

● मीन राशि से निकलकर मेष राशि में प्रवेश करेंगे सूर्य नारायण





**वाराणसी।** ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार आज शाम से खरमास समाप्त हो रहा है। वैशाख कृष्ण द्वादशी के दिन सूर्य के मीन राशि से निकलकर मेष राशि में प्रवेश करने के साथ ही यह अशुभ अवधि खत्म हो जाएगी। खरमास की समाप्ति होते ही विवाह जैसे मांगलिक कार्यों पर लगा विराम हट जाएगा और शादी-विवाह का सिलसिला तेज़ी से शुरू हो जाएगा। खरमास समाप्त होते ही विवाह उद्योग से जुड़े कारोबार जैसे बैंकेट हॉल, कैटरिंग, ज्वेलरी, कपड़े और सजावट में भी तेजी आने की उम्मीद है। अप्रैल से जुलाई तक लगातार शुभ तिथियां होने के कारण बाजारों में रौनक बढ़ेगी और शादी समारोहों की धूम देखने को मिलेगी। शास्त्रों में विवाह को अत्यंत पवित्र बंधन माना गया है, इसलिए इसके लिए शुभ मुहूर्त का चयन बेहद आवश्यक होता है। उन्होंने बताया कि अप्रैल से जुलाई तक विवाह के कई शुभ मुहूर्त उपलब्ध हैं, जिसके चलते इस अवधि में शादियों की भरमार रहने की संभावना है। हालांकि, इस बीच 17 मई से 15 जून तक मलमास (अधिक मास) के कारण लगभग एक महीने तक विवाह कार्यों पर विराम रहेगा। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार विवाह के लिए बृहस्पति, शुक्र और सूर्य ग्रहों की शुभ स्थिति होना आवश्यक है। विशेष रूप से सूर्य और गुरु (बृहस्पति) का संयोग अत्यंत शुभ और सिद्धिदायक माना जाता है। विवाह के लिए शुभ लग्न का निर्धारण भी महत्वपूर्ण होता है। इसके लिए वृष, मिथुन, कन्या, तुला, धनु और मीन लग्न को श्रेष्ठ माना गया है।

## बीएचयू आईआईटी में नये सत्र की कक्षाएं 23 जुलाई से

● तीन महीने चलेगा दाखिला



**वाराणसी।** आईआईटी बीएचयू में 2025-26 सत्र की एमफार्मा, एमटेक और पीएचडी की नई कक्षाएं एक साथ 23 जुलाई को शुरू हो जाएंगी। 22 जुलाई को विभागों में रिपोर्टिंग होगी। वहीं, एमफार्मा कोर्स में 17 अप्रैल से 23 अप्रैल तक फॉर्म भरे जाएंगे। शाम पांच बजे तक पीजी पोर्टल खुला रहेगा। 27 अप्रैल को एमफार्मा में शॉर्टलिस्ट हो चुके अभ्यर्थियों की सूची जारी की जाएगी। लिखित परीक्षा 14 मई और काउंसिलिंग 15 मई को होगी। 22 मई को चयनित छात्र और छात्राओं की वेटिंग लिस्ट आएगी। 20 जुलाई तक वेटिंग लिस्ट में चयनित और प्रवेश वापस लेने का समय दिया जाएगा। उसी दिन एम फार्मा की प्रवेश प्रक्रिया बंद कर दी जाएगी। विभाग में रिपोर्टिंग 22 जुलाई को होगी। 23 जुलाई से कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। एमटेक और पीएचडी में आवेदन की प्रक्रिया अब बंद कर दी गई है। आईआईटी बीएचयू में 600 से ज्यादा सीटों पर एमटेक, एमफार्मा और पीएचडी में प्रवेश होना है।

## विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा ने मनायी अम्बेडकर जयंती




**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** ऑल इंडिया यूनाइटेड विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार विश्वकर्मा ने जयंती पर बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को नमन करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांसुमन अर्पित की। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर आधुनिक भारत के निर्माता, संविधान के जनक और पिछड़ों/दलितों के सबसे बड़े मसीहा थे। उन्होंने भारतीय संविधान के माध्यम से समानता, स्वतंत्रता और अस्पृश्यता उन्मूलन सुनिश्चित की, तथा शिक्षा और संगठित संघर्ष से दलितों को उनका हक दिलाया। उनकी पुस्तक 'द प्रॉब्लम ऑफ द रूपी' पर आधारित आरबीआई की स्थापना में अहम भूमिका रही।

# ...और जटिल होगी पेंशन की प्रक्रिया!

## आधार कार्ड में दर्ज जन्मतिथि नहीं मानी जाएगी

● आय, निवास प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक और शैक्षिक योग्यता या परिवार रजिस्टर की प्रति अनिवार्य



**वाराणसी।** अब यह पेंशन पाने वालों को नए नियमों का पालन करना होगा। वृद्धावस्था पेंशन योजना को अधिक पारदर्शी और सटीक बनाने के लिए शासन ने बड़ा बदलाव किया है। अब पेंशन के लिए आधार कार्ड में दर्ज जन्मतिथि को मान्य नहीं माना जाएगा। इसके स्थान पर लाभार्थियों को अपनी जन्मतिथि प्रमाणित करने के लिए शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र या परिवार रजिस्टर की प्रमाणित प्रति विभाग को देनी होगी। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन कर दी गई है, जिसके लिए विभाग के पोर्टल sspy-up.gov.in पर जाकर आवेदन करना होगा। आवेदन के दौरान आय, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक और शैक्षिक योग्यता या परिवार रजिस्टर की प्रति अनिवार्य रूप से अपलोड करनी होगी। यही कारण है कि जनपद में करीब 30 हजार लाभार्थियों को वृद्धावस्था पेंशन रोक दिया गया है। जिला समाज कल्याण विभाग को इस संबंध में शासन का आदेश 21 मार्च को प्राप्त हुआ था। नए आवेदनों के साथ जन्मतिथि का वैध प्रमाण देना अनिवार्य कर दिया गया है। साथ ही, अक्टूबर 2024 के बाद स्वीकृत पेंशनधारकों को भी अपने दस्तावेज अपडेट करने होंगे। जब तक आवश्यक प्रमाण पत्र जमा नहीं किए जाते, तब तक पेंशन जारी नहीं की जाएगी।

## कार्रवाई की चेतावनी के बावजूद बीएचयू में संविदा कर्मचारियों का धरना सातवें दिन भी जारी



**वाराणसी।** बीएचयू में नियमितीकरण और जूनियर क्लर्क भर्ती प्रक्रिया रोकने की मांग को लेकर संविदा कर्मचारियों का आंदोलन सातवें दिन भी जारी रहा। वही, सोमवार शाम को शांतिमार्च निकालने की अनुमति नहीं मिलने पर कर्मचारियों ने धरनास्थल मधुबन में ही शांतिमार्च निकाला। कर्मचारी अब जूनियर क्लर्क भर्ती प्रक्रिया स्थगित करने की मांग पर अड़े हुए हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि बीएचयू प्रशासन की तरफ से 'काम नहीं तो वेतन नहीं' का दबाव बनाकर उनके आंदोलन को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। आंदोलन में कुल 1199 कर्मचारी शामिल हैं, जिनमें बड़ी संख्या महिलाओं की भी हैं। महिलाएं धरनास्थल पर ही अनवरत बैठी हुई हैं और मांगों के लिए आरपार की लड़ाई की तैयारी कर चुकी हैं। नोटिस में लिखा गया कि काशी हिंदू विश्वविद्यालय द्वारा पुनः स्पष्ट किया जाता है कि संविदा कर्मियों के नियमितीकरण के विषय पर पूर्व में गठित समिति कार्यरत है। समिति सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के आलोक में विषय पर विचार कर रही है। रिपोर्ट मिलने पर प्रशासन नियमानुसार आवश्यक कदम उठाएगा।

## बाबा साहब की जयंती पर सपा नेता ने किया अंबेडकर पार्क का लोकार्पण



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर सोमवार को वाराणसी के दुर्गाकुंड स्थित घसियारी टोला में अंबेडकर पार्क के सुंदरीकरण कार्य का उद्घाटन किया गया। समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश महासचिव किशन दीक्षित ने शिलापट्ट पर से लाल पर्दा हटाकर मूर्ति परिसर के खंभों और छतों के निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में स्थानीय स्तर पर पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों की मौजूदगी रही। इस दौरान राहुल यादव, अशोक यादव नायक, संदीप कुमार, हीरालाल, मंगेश कुमार, जगरनाथ कुमार, अजय राम, सरोज और मुन्नी देवी समेत कई लोग उपस्थित रहे, जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने में भूमिका निभाई।

## रामकटोरा कुंड के पुनरुद्धार के लिए चलाया स्वच्छता अभियान

● रोटरी क्लब साइन एवं रोट्रैक्ट क्लब पाणिनी कन्या महाविद्यालय का संयुक्त श्रमदान




**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** रोटरी क्लब बनारस साइन एवं रोट्रैक्ट क्लब पाणिनी कन्या महाविद्यालय तत्वावधान में वाराणसी स्थित रामकटोरा कुण्ड के पुनरुद्धार के उद्देश्य से एक विशेष स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान के दौरान क्लब के सदस्यों एवं स्वयंसेवकों ने कुंड परिसर की गहन सफाई की। कुंड के जल से प्लास्टिक की थैलियों एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थों को हटाया गया तथा सीढ़ियों पर जमा गंदगी और मलबे को साफ कर पूरे क्षेत्र को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाया गया। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ ऐतिहासिक धरोहर के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में रोटेरियन डॉ. अशुतोष अग्रवाल (डीजी), रोटेरियन माही भान (डीआरआर), रोटेरियन पुनीत कपूर, रोटेरियन नेहा एस अरोड़ा, रोटेरियन रविश गुप्ता, रोटेरियन विवेक मेहरा, रोटेरियन गौतम अरोड़ा, रोटेरियन शुभम अग्रवाल, रोटेरियन शुभम जालान तथा रोटेरियन धीरज कालवानी की उपस्थिति रही।

## पीएनबी ने मनाया 132वां स्थापना दिवस

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** पंजाब नेशनल बैंक, अंचल कार्यालय वाराणसी ने रविवार को बैंक के 132वें स्थापना दिवस को अंचल प्रमुख दीपक सिंह के नेतृत्व एवं उप अंचल प्रमुख हरविंदर सिंह रंधावा के सानिध्य में हर्षोल्लास से मनाया। इस मौके पर बैंक के आह्वान के अनुसार गोरखा रेजिमेंट, वाराणसी के सैनिकों के साथ अंचल कार्यालय द्वारा एक सोल्जराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके साथ ही बैंक की ओर मंडल कार्यालय, वाराणसी से लंका तक एक रैली भी निकाली गयी। इस अवसर पर बैंक के डिजिटल उत्पादों एवं सेवाओं आदि की जानकारी दी गयी। साथ ही नीचीबाग शाखा में लंगर और प्रसाद का वितरण किया गया। स्थापना दिवस पर मंडल प्रमुख प्रभाष चंद्र लाल, राजेश कुमार, संजीव पुरकाएत एवं स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## वसंत कालेज में प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर 'संवाद'



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** उत्तर प्रदेश आज महिला सशक्तिकरण में नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है जिसके चलते जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में प्रदेश की महिलाएं एक नया इतिहास लिख रही हैं। उक्त उद्गार आज बसंत कन्या इंटर कॉलेज कमच्छा में आयोजित महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश सरकार की उपलब्धि विषयक संवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शालिनी यादव ने व्यक्त किए। कॉलेज की प्रधानाचार्या मीता कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया, अध्यक्षता अरुण यादव तथा राजेन्द्र गुप्ता ने संचालन किया। इस संवाद कार्यक्रम में भारी संख्या में छात्राओं, शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही।




## नारी शक्ति वंदन अधिनियम से मिला ऐतिहासिक अधिकार

● सैकड़ों महिलाओं ने पीएम के संबोधन को सुना



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** सर्किट हाउस स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में भारतीय जनता पार्टी महानगर द्वारा सोमवार को 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' का भव्य आयोजन किया गया। महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आई 250 महिलाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को लाइव प्रसारण के माध्यम से सुना और सरकार की नीतियों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कई महिलाओं ने गीत और लोरी गाकर अपनी अपनी खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर किसान मोर्चा के अध्यक्ष वीरू सिंह ,प्रज्ञा पाण्डेय, रिचा सिंह, विभव सिंह, अनीशा शाही, साधना पाण्डेय, सारिका गुप्ता, अंजू मिश्रा, उषा सिंह, पूजा सिंह, निर्मला पाण्डेय, मीना यादव, मंजू सिंह, चंद्रशेखर उपाध्याय, अवधेश राय,प्रमील पाण्डेय एवं पार्टी के विभिन्न पदाधिकारी, महिला मोर्चा की कार्यकर्ताएं एवं महानगर की प्रबुद्ध नागरिक जन उपस्थित रहे।

## विकास कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** जनपद के नोडल अधिकारी तथा प्रबंध निदेशक, उत्तर प्रदेश जलनिगम (ग्रामीण) डॉ राजशेखर की अध्यक्षता में सर्किट हाउस सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित विकास कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने नोडल अधिकारी के समक्ष जनपद के विकास कार्यों को रेखांकित किया। बैठक के दौरान नोडल अधिकारी ने शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता नहीं होनी चाहिए।

जनमुख परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ


प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।
रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

# मीरजापुर समाचार

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संचारी रोग एवं दस्तक अभियान की बैठक सम्पन्न



**मीरजापुर।** जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग एवं दस्तक अभियान की समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने तालाबों की साफ सफाई नियमित रूप से करते रहने एवं नाली की सफाई, तथा क्षतिग्रस्त नाली या जहां पर पानी का बहाव निस्तरित ना हो उसे ठीक करने का निर्देश ग्रामीण क्षेत्र में जिला पंचायत अधिकारी व नगर नालिकाओ के अधिशासी अधिकारियो को दिया। उन्होंने पशुपालन विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि पशुओं का टीकाकरण 15 जून 2026 तक शत प्रतिशत पूर्ण कर लें एवं पशुपालकों, कुकुट पालक तथा सूअर पालकों को साफ सफाई के प्रति पूर्ण रूप से जागरूक करें। उन्होंने बच्चों को स्कूल में हाथ धोने की विधि को नियमित रूप से बताने तथा संच. ारी रोग से बचाव की जानकारी प्रदान करने का निर्देश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को दिया। उन्होंने आशा कार्यत्रियों को दस्तक अभियान में प्रत्येक घर जाकर संचारी रोग की जानकारी व बचाव की पूर्ण जानकारी देने हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने आयुष्मान कार्ड बनाने की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए शीघ्र अतिशीघ्र सभी पात्र लाभार्थियों का कार्ड बनाने हेतु निर्देशित किया। बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अनिल वर्मा, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी सहित सभी सीएचसी/पीएचसी के प्रभारी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# सोनभद्र समाचार

## जीजा-साले ने गला दबाकर की थी किसान की हत्या

**सोनभद्र।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के बैजनाथ ग्राम पंचायत के गांव कुंडा में एक सप्ताह पूर्व हुई किसान रामनरेश की हत्या के मामले का पुलिस ने सोमवार को खुलासा किया। हत्या के आरोप में बर कन्हरा गांव निवासी संजय प्रजापति (जीजा) और उसके बहनोई मध्यप्रदेश के सिंगरौली के गढ़वा थाना क्षेत्र के भुईधरवा गांव निवासी टीकम प्रजापति को गिरफ्तार किया। दोनों को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस का दावा है कि शराब के नशे में विवाद के बाद आरोपियों ने रामनरेश की हत्या कर दी और फिर शव को सरसों के खेत में फेंक दिया था। आठ अप्रैल को कुंडा गांव के एक सरसों के खेत में बर कन्हरा गांव निवासी रामनरेश बैसवार (43) का शव मिला था। परिजनों के अनुसार सात अप्रैल को दोपहर बाद वह घर से निकल कर गांव में गया था, मगर देर रात तक नहीं लौटा।

# मऊ समाचार

## कार की टक्कर से ई-रिक्शा चालक की मौत, दो महिलाएं घायल



**मऊ।** मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के कुतुबपुर गांव के पास सोमवार की शाम तीन बजे कोपागंज-मुहम्मदाबाद गोहना मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार कार और ई-रिक्शा की टक्कर हो गई। हादसे में कोपागंज थाना के फैजुल्लाहपुर गांव निवासी ई-रिक्शा चालक अलगू (54) की मौत हो गई और खुखुंदवा निवासी पूजा तिवारी (36) तथा सैदपुर निवासी वंदना (24) घायल हो गईं। कार की टक्कर से ई-रिक्शा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। ई-रिक्शा चालक दो सवारियों को लेकर कोपागंज से मुहम्मदाबाद गोहना जा रहा था। अभी वह कुतुबपुर के पास पहुंचा था कि अचानक सामने से तेज गति से आ रही कार ने ई-रिक्शा में सामने से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ई-रिक्शा चालक और दोनों महिला सवारियां सड़क पर गिर गईं। टक्कर के बाद चालक कार छोड़कर मौके से फरार हो गया। लोगों ने 108 एंबुलेंस से घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान ई-रिक्शा चालक अलगू की मौत हो गई। दोनों घायल महिलाओं का इलाज जारी है। कोतवाल केके वर्मा ने बताया कि पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। गाड़ी के नंबर के आधार पर चालक की तलाश की जा रही है।

# सुल्तानपुर समाचार

## हमले में घायल बुजुर्ग की मौत पर भड़के परिजन

**मोतिगरपुर।** काछा भिटौरा निवासी सीताराम पर गत 10 अप्रैल को विपक्षियों ने हमला कर दिया। उनकी मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर में शनिवार रात इलाज के दौरान मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम के बाद रविवार रात करीब आठ बजे मृतक का शव घर पहुंचा तो परिवार में चीख-पुकार मच गई। सोमवार को हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े परिजनों ने शव के अंतिम संस्कार से इन्कार कर दिया।

एसडीएम व सीओ जयसिंहपुर के समझाने के बाद शाम करीब चार बजे 20 घंटे बाद गांव में ही शव का अंतिम संस्कार किया गया।

मृतक सीताराम की पत्नी गुलाबा देवी ने बताया कि गत 10 अप्रैल की सुबह उनकी बहू व बेटा खेत में गेहूं काटने गए थे। उनका आरोप है कि उसी समय भूमि विवाद में गांव के राम कृपाल, उनके पिता भगेलू, उनकी पत्नी व अन्य परिजन उनके घर के सामने पहुंचे।


# जौनपुर समाचार

## जिला अस्पताल के मॉर्च्यूरी हाउस के पीछे फेंका नवजात का शव

**जौनपुर।** जिला अस्पताल परिसर में मॉर्च्यूरी हाउस के पीछे नवजात बच्ची का शव किसी ने फेंक दिया। अस्पताल परिसर में महिला अस्पताल से ही रोजाना प्रसव भी होता है। जांच में जुटी पुलिस इस बात को लेकर भी पता लगाने में जुटी है कि तीन दिन में किन-किन लोगों का प्रसव हुआ है और उनमें से कितनी बच्चियां पैदा हुईं हैं। ये लोग कहां के रहने वाले हैं और उनमें कितनी जिंदा हैं। जिला चिकित्सालय परिसर स्थित मॉर्च्यूरी हाउस के पीछे दिन में 11 बजे काली पॉलिथीन में एक नवजात का शव फेंका मिला। शव के आसपास कुत्ते भी मंडरा रहे थे। चर्चा यहां तक रही कि शव को कुत्तों ने नोचा भी। हालांकि इसकी हम पुष्टि नहीं करते हैं। वहीं, वहां साफ-सफाई का काम कर रहे और आसपास के लोगों की नजर शव पर पड़ी तो हो हल्ला मचाया। घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान करने में जुट गई। शव को पहचान के लिए मॉर्च्यूरी हाउस में रखवा दिया है। पुलिस शव की पहचान करने में जुटी हुई है। घटनाक्रम की जानकारी देते हुए प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह ने बताया कि जानकारी होते ही शव को कब्जे में ले लिया गया था। कुत्ते शव को नहीं नोंच रहे थे। हालांकि समीप देखे जरूर गए थे। शव की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। इसके लिए चौकी इंचार्ज भंडारी को जिम्मेदारी दी गई है। पहचान न होने पर तीन दिन बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। मॉर्च्यूरी के पीछे शव फेंकने की घटना ने जिला अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। हैरानी की बात तो यह है कि जिस स्थान पर शव को फेंका गया है, वहां सीसीटीवी कैमरा लगा है। लेकिन, यह कैमरा क्रियाशील है या नहीं, इसकी जानकारी नहीं है। लेकिन, शाम तक अस्पताल प्रशासन ने इस कैमरे को देखने की जहमत नहीं उठाई।

# गोरखपुर समाचार

## अब गोरखनाथ पुराने ओवरब्रिज की होगी मरम्मत, एक माह तक रहेगा डायवर्जन



**गोरखपुर।** राजघाट पुल के बाद अब गोरखनाथ पुराने ओवरब्रिज की मरम्मत को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने गोरखनाथ पुराने ओवरब्रिज पर यातायात करीब एक महीने तक बंद रखकर मरम्मत कार्य कराने की योजना बनाई है। इसके लिए विभाग ने यातायात पुलिस को पत्र भेजकर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वर्ष 1980 में निर्मित यह पुराना पुल पिछले कुछ समय से जर्जर स्थिति में पहुंच गया है। नियमित निरीक्षण के दौरान पुल के एक्सपेंशन जॉइंट्स सहित कई हिस्सों में खराबी पाई गई थी।

लंबे समय से मरम्मत कार्य लंबित होने के कारण पुल की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही थी, जिससे आवागमन के दौरान दुर्घटना की आशंका भी बढ़ गई थी। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के मुताबिक, 20 अप्रैल के बाद किसी भी समय मरम्मत कार्य शुरू किया जा सकता है। मरम्मत के दौरान पुल के एक्सपेंशन जॉइंट्स बदले जाएंगे और अन्य तकनीकी खामियों को भी दुरुस्त किया जाएगा ताकि पुल को फिर से सुरक्षित और मजबूत बनाया जा सके। मरम्मत अवधि में पुराने पुल पर सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। ऐसे में यातायात को सुचारु बनाए रखने के लिए वाहनों को पास ही बने नए ओवरब्रिज से डायवर्ट किया जाएगा।

इससे आम लोगों को कुछ असुविधा का सामना करना पड़ सकता है लेकिन प्रशासन का कहना है कि यह कदम जनसुरक्षा को ध्यान में रखकर उठाया जा रहा है। पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता रंजन सिंह ने बताया कि मरम्मत कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा करने का प्रयास किया जाएगा ताकि यातायात व्यवस्था जल्द सामान्य हो सके।

# आजमगढ़ समाचार

## शादी वाले घरों को मिली राहत अब मिलेगा कामर्शियल सिलिंडर

**आजमगढ़।** सहालग का सीजन शुरू होते ही शादी वाले घरों को राहत दी गई है। सिलिंडर के लिए संबंधित शादी का कार्ड लगातकर एसडीएम कार्यालय में आवेदन करना होगा। इसके बाद सेल्स ऑफिसर जांच करेंगे। जांच में वह देखेंगे कि आयोजन में कितने लोग शामिल होंगे और कितने सिलिंडर की आवश्यकता पड़ेगी। इसकी रिपोर्ट एसडीएम को दी जाएगी। इसके बाद सिक्योरिटी की धनराशि जमा करने पर कमर्शियल सिलिंडर की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। फिलहाल न्यूनतम व अधिकतम गैस सिलिंडरों की कोई सीमा तय नहीं है, लेकिन प्राप्त आवेदनों की जांच कराने के बाद आवेदकों की आवश्यकता के मुताबिक ही सिलिंडर उपलब्ध कराए जाएंगे। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी विकास कुमार सिंह ने बताया कि सिलिंडर के लिए एसडीएम कार्यालय में कार्ड लगाकर आवेदन करना होगा। इसके बाद जांच कर आवश्यकतानुसार सिलिंडर दिए जाएंगे।

# प्रयागराज समाचार

## मिलिट्री के ठेकेदार का शव रेल पटरी पर तीन टुकड़ों में मिला, पत्नी से विवाद के बाद निकले थे घर से



**प्रयागराज।** शिवकुटी थाना क्षेत्र में रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे रविवार की देर रात मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विस (एमईएस) के ठेकेदार राजीव मिश्र (49) का शव तीन टुकड़ों में मिला। वह पत्नी और साले से विवाद के बाद घर से निकले थे। देर रात शव मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त के बाद परिजनों को जानकारी दी। ठेकेदार का शव मिलने से सनसनी फैल गई। भाई विक्रम मिश्र ने हत्या करके शव रेलवे ट्रैक पर फेंकने की आशंका जाहिर की। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद सही कारणों का पता चल सकेगा। शिवकुटी इलाके के लाला की सराय में रहने वाले राजीव मिश्र (49) पुत्र राजेंद्र मिश्र मूल रूप से बहरिया थाना क्षेत्र के सिकंदरा के रहने वाले थे। रविवार की रात साढ़े 11 बजे शिवकुटी की तरफ रेलवे ओवरब्रिज पर तीन टुकड़ों में शव देखा गया।

पत्नी सविता मिश्रा और साले प्रभारी दुबे निवासी दारागंज से विवाद के बाद वह गुस्सा होकर अचानक घर से निकले थे। परिजन ढाई घंटे से उनकी खोजबीन कर रहे थे। इनके दो बच्चे आकाश मिश्र (23) और छोटू मिश्र (19) हैं। दोनों बेटे रायपुर छत्तीसगढ़ में जॉब करते हैं। एक बेटी काव्या (12) है। बताया जाता है कि पहली पत्नी की 2006 में मौत हो गई थी। इसके बाद इन्होंने 2009 में दूसरी शादी की। 20 अप्रैल को बड़े बेटे के पुत्र का मुंडन होना था। राजीव मिश्र काफी खुश थे और निमंत्रण पत्र बांट रहे थे।

# गाजीपुर समाचार

## सूखी नहर में मिला युवक का शव, गले पर थे चोट के निशान

**जमानिया।** कोतवाली क्षेत्र के असैचंदपुर स्थित सूखे नहर में सोमवार की सुबह एक 45 वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिला। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मृतक के गले पर गहरे चोट के निशान थे। उसकी नाक से भी खून निकला हुआ था। सूखी नहर में शव था, जहां कहीं भी खून के धब्बे भी नहीं थे। यहीं नहीं पुलिस ने घटना स्थल से एक शराब की बोतल और तंबाकू की डिबिया भी बरामद की। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि हत्याकर शव लाकर हत्यारों ने फेंक दिया हो गया। फिलहाल पुलिस छानबीन में जुटी हुई है और शिनाख्त न होने पर शव को मॉर्च्यूरी हाउस में सुरक्षित रखवा दी। कोतवाल रामसजन नागर ने बताया कि ग्रामीणों ने बताया कि वह प्रतिदिन की तरह नहर की ओर टहलने निकले थे। तभी उनकी नजर नहर के भीतर पड़े एक शव पर पड़ी।

# बलिया समाचार

## स्वर्णकार संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

**बलिया।** स्वर्णकार संघ का शपथ ग्रहण व सम्मान समारोह का आयोजन रविवार की शाम को शहर के अग्रवाल धर्मशाला में किया गया। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष संजय मिश्रा व विशिष्ठ अतिथि रसड़ा नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष वशिष्ठ नारायन सोनी ने दीप कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संगठन को मजबूत बनाने के लिए संघ के नगर अध्यक्ष रवि सोनी, संजय कुमार बबुआ को महामंत्री व मुकेश सोनी को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। महिला नगर स्वर्णकार संघ के लिए सोनी वर्मा को अध्यक्ष, रानी वर्मा को महामंत्री व पूनम देवी को कोषाध्यक्ष बनाया गया। जिला स्वर्णकार संघ के रिक्त पदों पर मनोज कुमार गुप्ता को जिला उपाध्यक्ष व भृगु नाथ वर्मा को जिला संगठन मंत्री का दायित्व सौंपा गया। मुख्य अतिथि ने सभी मनोनीत पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।

# चंदौली समाचार

## मुगलसराय में स्कूल गए 3 बच्चे लापताःछुट्टी होने के बाद घर नहीं लौटे

**चंदौली।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर (मुगलसराय) से तीन बच्चों के लापता होने का मामला सामने आया है। ये बच्चे 13 अप्रैल को स्कूल जाने के बाद अपने घर नहीं लौटे। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

लापता हुए बच्चों की पहचान कंकड़हिया नई बस्ती निवासी नवाब अली की 12 वर्षीय बेटी पलक, उनके साढ़ू आबिद की 6 वर्षीय बेटी आयत और 7 वर्षीय बेटे आमिष के रूप में हुई है। तीनों 13 अप्रैल की सुबह बेचूपुर स्थित सेंट जेवियर्स स्कूल के लिए निकले थे। दोपहर 12:30 बजे स्कूल की छुट्टी होने के बाद भी बच्चे घर नहीं पहुंचे। बच्चों के परिजनों ने पहले अपने स्तर पर उनकी तलाश की। कोई जानकारी न मिलने पर उन्होंने मुगलसराय थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता



(BNS) की धारा 137(2) के तहत एफआईआर संख्या 0169/2026 दर्ज कर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस मामले की जांच उपनिरीक्षक सीताराम यादव को सौंपी गई है। इस मामले में एक विरोधाभास सामने आया है।

बच्चों की मां हेना का कहना है कि उनकी दूसरी बेटी चाहत, जो उसी स्कूल में पढ़ती है, ने बताया कि तीनों बच्चे स्कूल गए थे। वहीं, स्कूल प्रशासन का दावा है कि बच्चे उस दिन स्कूल पहुंचे ही नहीं थे। पुलिस आसपास के इलाकों में सघन तलाशी अभियान चला रही है और सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। संभावित स्थानों पर भी दबिश दी जा रही है। सीओ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि आवेदक नवाब अली की सूचना पर मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है और बच्चों की तलाश के लिए टीमें गठित की गई हैं। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी को इन बच्चों के बारे में कोई जानकारी मिले, तो तत्काल पुलिस हेल्पलाइन 112 या महिला हेल्पलाइन 1090 पर सूचना दें। रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन और आसपास के जनपदों में भी इसकी सूचना दी गई है

# देवरिया समाचार

## आंबेडकर जयंती निकाली शोभायात्रा, उमड़ी भीड़

**सलेमपुर।** भारतरत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर सोमवार को नगर के भरौली वार्ड संख्या एक से शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों लोगों की भागीदारी रही। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी। यात्रा के दौरान लोगों ने बाबा साहेब के विचारों, भारतीय संविधान, सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

शोभायात्रा में युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों का उत्साह देखते ही बन रहा था। हाथों में झंडे और बाबा साहेब के चित्र लिए लोग जय भीम और सामाजिक एकता के नारों के साथ आगे बढ़ते रहे। पूरे मार्ग में अनुशासन और आपसी सौहार्द का माहौल बना रहा।

# भदोही समाचार

## ट्रक से कुचलकर दर्शनार्थी की मौतःभतीजी की शादी का कार्ड चढ़ाने विंध्याचल जा रहे थे

**भदोही।** एक सड़क दुर्घटना में एक दर्शनार्थी की मौत हो गई। वह अपनी भतीजी की शादी का पहला कार्ड माता विंध्यवासिनी के दरबार में चढ़ाने जा रहे थे। हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम करने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस अधिकारियों के समझाने के बाद स्थिति शांत हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। यह घटना मंगलवार को भदोही जनपद के राजपुरा चौराहे पर हुई। एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को कुचल दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान जौनपुर जनपद के पंचवल गांव निवासी 52 वर्षीय शैलेश पांडेय उर्फ बबलू के रूप में हुई है। शैलेश पांडेय अपनी भतीजी की 12 मई को होने वाली शादी का पहला



कार्ड और मिठाई लेकर माता विंध्यवासिनी के दर्शन के लिए जा रहे थे। भदोही शहर के रजपुरा चौराहे पर वह ट्रक की चपेट में आ गए। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और ट्रक की तलाश में जुट गई है।

घटना से आक्रोशित परिजनों और स्थानीय लोगों ने सड़क जाम करने का प्रयास किया। हालांकि, मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने उन्हें समझा-बुझाकर शांत कराया। परिजनों ने आरोप लगाया है कि पुलिस ने ट्रक का पीछा नहीं किया और बिना पंचायतनामा की प्रक्रिया पूरी किए ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस घटना से शादी की खुशियां मातम में बदल गई हैं।

# लाइफ मंत्र

## Vrindavan का 'Secret' Shaktipeeth, जहां गिरे थे मां सती के केश, जानिए इसका कृष्ण कनेक्शन

वृंदावन का नाम सुनते ही हमारे मन में बांके बिहारी की छवि उभरती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ब्रज की भूमि की रक्षा और यहां की अधिष्ठात्री देवी स्वयं मां कात्यायनी हैं। मां कात्यायनी का यह मंदिर वृंदावन के राधा बाग इलाके में है। वृंदावन की पावन धरती पर मां कात्यायनी का पावन मंदिर है। यह शक्तिपीठ सिर्फ मंदिर नहीं बल्कि प्रेम और आस्था का केंद्र भी है। यहां पर स्वयं राधा रानी और गोपियों ने तपस्या की थी।

वृंदावन का नाम सुनते ही हमारे मन में बांके बिहारी की छवि उभरती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ब्रज की भूमि की रक्षा और यहां की अधिष्ठात्री देवी स्वयं मां कात्यायनी हैं। मां कात्यायनी का यह मंदिर वृंदावन के राधा बाग इलाके में है और यह 51 शक्तिपीठों में से एक है। धार्मिक मान्यता के मुताबिक जब भगवान श्रीविष्णु ने अपने सुदर्शन चक्र से सती के शव के टुकड़े किए थे, तो मां सती के केश यहां पर गिरे थे। इस कारण इस स्थान को 'उमा शक्तिपीठ' कहा जाता है।



### मंदिर का इतिहास

इस मंदिर का इतिहास किसी चमकत्कार से कम नहीं है। साल 1923 में स्वामी केशवानंद महाराज ने मंदिर का निर्माण कराया था। स्वामी जी ने 33 सालों तक हिमालय की कंदराओं में कठिन साधना-तपस्या की थी। इस दौरान उनको एक दिव्य दृष्टि प्राप्त हुई, जिसमें उनको वृंदावन में लुप्त इस शक्तिपीठ को ढूंढने के साथ मंदिर को स्थापित करने का भी आदेश मिला। स्वामी केशवानंद ने अपने योगबल से न सिर्फ इस मंदिर को पहचाना बल्कि आज यह मंदिर भक्तों की आस्था का केंद्र है।

### अष्टधातु की प्रतिमा

यह मंदिर सफेद संगमरमर से बना है, जोकि देखने में काफी भव्य लगता है। मंदिर के मुख्य द्वार पर दो सुनहरे शेर खड़े हैं, जोकि मां की शक्ति का एहसास कराते हैं। वहीं मंदिर के गर्भगृह में मां कात्यायनी की अष्टधातु की विशाल प्रतिमा विराजमान हैं। मां की चार भुजाएं हैं, जिसमें दाहिनी भुजा अभय और वर मुद्रा में हैं। बाईं भुजाओं में कमल का पुष्प और तलवार है।

मां के अलावा यहां भगवान शिव, भगवान विष्णु, सूर्य देव और गणेश जी की प्रतिमा है। जो इसको एक पूर्ण पंचदेव मंदिर बनाती हैं।

### श्रीकृष्ण ने रचाया 'महारास'

बता दें कि इस मंदिर का संबंध द्वापर युग और श्रीकृष्ण से है। श्रीमद्भागवत पुराण के मुताबिक वृंदावन की गोपियां श्रीकृष्ण को अपने पति के रूप में पाना चाहती थीं। जिसके लिए गोपियों ने यमुना किनारे पूरा कार्तिक मास मां कात्यायनी की बालू से मूर्ति बनाकर पूजा की थी।

गोपियों की भक्ति से प्रसन्न होकर मां कात्यायनी ने उनको वरदान दिया था। इस वरदान के फलस्वरूप भगवान श्रीकृष्ण ने शरद पूर्णिमा की रात 16108 रूप धारण किए थे। साथ ही हर गोपी के साथ महारास भी रचाया था। माना जाता है कि आज भी जो कुंवारे युवक-युवतियां यहां आकर मां के दर्शन करते हैं, उनके विवाह में आने वाली अड़चनें दूर होती हैं।

## *Apple का बड़ा दांव! iPhone 18 Pro Max में मिलेगा अब तक का सबसे बड़ा Upgrade, डिजाइन और कैमरा सब बदलेगा*



एप्पल के आगामी iPhone 18 Pro और Pro Max में इस बार कैमरा और डिजाइन पर खास फोकस किया जा रहा है, जिसमें वेरिएबल अपर्चर तकनीक और एकसमान ग्लास फिनिश जैसे बड़े सुधार शामिल हो सकते हैं। बेहतर प्रोसेसर और बड़ी बैटरी के साथ, ये नए मॉडल सितंबर के आसपास लॉन्च होकर प्रीमियम स्मार्टफोन बाजार में प्रतिस्पर्धा को और बढ़ा देंगे। हर साल नए फोन को लेकर चर्चा रहती है, लेकिन इस बार एप्पल के नेक्स्ट जनरेशन के प्रीमियम फोन आईफोन 18 प्रो और आईफोन 18 प्रो मैक्स को लेकर उत्सुकता कुछ ज्यादा ही नजर आ रही है। पिछले साल की आईफोन 17 के सफलता के बाद अब कंपनी अपने अगले मॉडल पर बड़े बदलाव की तैयारी में है। मौजूद जानकारी के अनुसार नई श्रृंखला को इस साल के अंत में पेश किया जा सकता है, जिसमें बेहतर डिजाइन, प्रदर्शन और कैमरा तकनीक देखने को मिल सकती है। बता दें कि पिछली श्रृंखला आईफोन 17 को बाजार में काफी मजबूत प्रतिक्रिया मिली थी, जिसके बाद कंपनी अब अगले मॉडल को और एड़वांस बनाने पर ध्यान दे रही है। गौरतलब है कि इस बार सामान्य मॉडल को अलग समय पर पेश किया जा सकता है, जबकि प्रीमियम मॉडल के साथ एक नया फोल्ड होने वाला फोन भी लाया जा सकता है। डिजाइन की बात करें तो संकेत मिल रहे हैं कि इस बार पीछे की तरफ एकसमान कांच का फिनिश दिया जा सकता है, जिससे फोन का लुक ज्यादा साफ और प्रीमियम नजर आए। साथ ही, कुछ नए रंग विकल्पों पर भी परीक्षण चल रहा है, जिनमें गहरा लाल, बैंगनी और कॉफी जैसे शेड शामिल बताए जा रहे हैं। डिस्प्ले को लेकर शुरुआती चर्चाओं में बड़े बदलाव की बात सामने आई थी, लेकिन अब मौजूद जानकारी के अनुसार कंपनी पुराने डिजाइन को ही थोड़ा छोटा करके पेश कर सकती है, जिससे स्क्रीन का इस्तेमाल थोड़ा और बढ़ जाएगा। दोनों मॉडल में उच्च रिफ्रेश दर के साथ बड़ी स्क्रीन मिलने की संभावना जताई जा रही है। प्रदर्शन के मामले में इस बार नई पीढ़ी का प्रोसेसर देखने को मिल सकता है, जो तेज गति और बेहतर ऊर्जा बचत के साथ आएगा। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे फोन की कुल क्षमता में साफ सुधार देखने को मिल सकता है। साथ ही बड़े मॉडल में बैटरी क्षमता भी थोड़ी बढ़ाई जा सकती है, जिससे लंबे समय तक उपयोग संभव हो सके। कैमरा सेक्शन में भी कंपनी कुछ नए प्रयोग कर सकती है। बताया जा रहा है कि मुख्य कैमरे में बदलने योग्य अपर्चर तकनीक दी जा सकती है, जिससे फोटो और वीडियो में गहराई और रोशनी को बेहतर तरीके से नियंत्रित किया जा सके। इसके अलावा नई सेंसर तकनीक के जरिए तस्वीरों की गुणवत्ता और प्रोसेसिंग स्पीड में सुधार की उम्मीद है। लॉन्च को लेकर संकेत हैं कि इसे सितंबर के आसपास पेश किया जा सकता है। कीमत के बारे में अभी साफ जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन माना जा रहा है कि पिछले साल की तरह ही दाम रखे जा सकते हैं। कुल मिलाकर देखा जाए तो यह नया मॉडल तकनीक और डिजाइन के मामले में एक बड़ा कदम साबित हो सकता है और प्रीमियम स्मार्टफोन बाजार में प्रतिस्पर्धा को और तेज कर सकता है।




# Airtel का 365 दिन वाला प्लानः सालभर फ्री कॉलिंग, डेटा, OTT और 5G सब कुछ एक साथ

आज के समय में मोबाइल रिचार्ज की कीमतें लगातार बढ़ती जा रही हैं। ऐसे में यूजर्स ऐसे प्लान की तलाश में रहते हैं जो कम झंझट में ज्यादा फायदे दे सके। इसी जरूरत को ध्यान में रखते हुए भारती एयरटेल ने 365 दिनों की वैधता वाला एक शानदार प्रीपेड प्लान पेश किया है। इस प्लान में रोजाना 2.5GB डेटा, अनलिमिटेड कॉलिंग, 5G एक्सेस और OTT समेत कई प्रीमियम बेनिफिट्स मिलते हैं, जो इसे खास बनाते हैं।

**3999 रुपये की कीमत वाला यह प्लान पूरे 365 दिनों की वैधता के साथ आता है। इसका मतलब है कि यूजर्स को बार-बार रिचार्ज करने की जरूरत नहीं पड़ती। एक बार भुगतान करने के बाद पूरे साल कॉलिंग, डेटा और मैसेज की चिंता खत्म हो जाती है। यह प्लान उन लोगों के लिए खास है जो लंबी अवधि के लिए बजट फ्रेंडली विकल्प चाहते हैं।**

**सालभर की वैधता, एक बार रिचार्ज की सुविधा**

3999 रुपये की कीमत वाला यह प्लान पूरे 365 दिनों की वैधता के साथ आता है। इसका मतलब है कि यूजर्स को बार-बार रिचार्ज करने की जरूरत नहीं पड़ती। एक बार भुगतान करने के बाद पूरे साल कॉलिंग, डेटा और मैसेज की चिंता खत्म हो जाती है। यह प्लान उन लोगों के लिए खास है जो लंबी अवधि के लिए बजट फ्रेंडली विकल्प चाहते हैं।

**रोजाना डेटा और कॉलिंग का पूरा फायदा**

इस प्लान में हर दिन 2.5GB हाई-स्पीड डेटा दिया जाता है। पूरे साल में यह डेटा काफी अधिक हो जाता है, जिससे वीडियो स्ट्रीमिंग, सोशल मीडिया और ब्राउजिंग बिना रुकावट चलती रहती है। साथ ही, यूजर्स को लोकल और एसटीडी दोनों तरह की अनलिमिटेड कॉलिंग का लाभ मिलता है। इसके अलावा रोजाना 100 SMS भी मुफ्त मिलते हैं। अगर किसी दिन आपका डेटा खत्म हो जाता है, तो भी इंटरनेट 64kbps की स्पीड से चलता रहता है, जिससे जरूरी काम जारी रह सकता है।

**OTT और प्रीमियम सब्सक्रिप्शन का बोनस**

इस प्लान का एक बड़ा आकर्षण इसमें मिलने वाले OTT बेनिफिट्स हैं। यूजर्स को JioHotstar मोबाइल सब्सक्रिप्शन एक साल के लिए मुफ्त मिलता है। इससे लाइव क्रिकेट, मूवी और वेब सीरीज का आनंद बिना अतिरिक्त खर्च के लिया जा सकता है। इसके अलावा Adobe Express Premium का सब्सक्रिप्शन भी शामिल है, जिसकी कीमत लगभग 4000 रुपये बताई जाती है। यह फीचर खास तौर पर कंटेंट क्रिएटर्स और सोशल मीडिया यूजर्स के लिए काफी उपयोगी है।

**अनलिमिटेड 5G और अतिरिक्त फायदे**

अगर आपके इलाके में Airtel का 5G नेटवर्क उपलब्ध है, तो इस प्लान में अनलिमिटेड 5G डेटा का लाभ भी मिलता है। इससे हाई-स्पीड इंटरनेट का अनुभव और बेहतर हो जाता है।

इसके साथ ही यूजर्स को 30 दिनों के लिए फ्री हेलोट्यून्स सेट करने की सुविधा भी मिलती है, जिससे कॉलिंग अनुभव और मजेदार बन जाता है।

**क्यों खास है यह प्लान?**

यह प्लान उन यूजर्स के लिए बेहतद उपयोगी है जो लंबे समय तक बिना रिचार्ज की चिंता के मोबाइल सेवा का फायदा लेना चाहते हैं। डेटा, कॉलिंग, ध्ऊऊ और 5G जैसे फीचर्स को मिलाकर यह एक ऑल-इन-वन पैकेज बन जाता है। जो लोग काम, एंटरटेनमेंट और सोशल मीडिया के लिए ज्यादा इंटरनेट इस्तेमाल करते हैं, उनके लिए यह प्लान बचत और सुविधा दोनों प्रदान करता है।

# Wrong Number पर हुआ UPI Payment? घबराएं नहीं, Bank और RBI की मदद से तुरंत पाएं पैसा वापस



अगर UPI से गलत खाते में पैसे ट्रांसफर हो गए हैं, तो सही प्रक्रिया अपनाकर आप इसे वापस पा सकते हैं। जानें कैसे बैंक, NPCI और RBI लोकपाल में शिकायत दर्ज कराएं और QR कोड व टेस्ट ट्रांजैक्शन जैसे बचाव के उपाय अपनाकर भविष्य में होने वाले नुकसान से बचें। आज के डिजिटल दौर में UPI हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुका है। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) ने भारत में 10 साल पूरे कर लिए है। जब एनपीसीआई ने 11 अप्रैल 2016 में इसे पेश किया था, तब किसी ने यह तक नहीं सोचा था कि एक दिन रेहड़ी-पटरी वालों से लेकर बड़े शोरुम तक हर कोई 'स्कैन एंड पे' पर निर्भर हो जाएगा। आपको बता दें कि मार्च 2026 में यूपीआई ने 22.64 अरब ट्रांजेक्शन का आंकड़ा पार कर लिया है। जैसे ही इसका चलन काफी बढ़ा है वैसे ही इसके गलत ट्रांजैक्शन की घटनाएं भी काफी सामने आई है। कई बार होता है कि मोबाइल नंबर टाइप करते समय एक अंक की गलती भारी पड़ सकती है और पैसा भी किसी और के खाते में चला जाता है। अगर गलती से गलत जगह पैसे चले गए हैं, तो क्या वापस मिल सकते हैं। आइए आपको इस लेख में बताते हैं।

**क्या वाकई वापस मिल सकते हैं पैसे?**

इस बात को समझना बेहद जरुरी है कि यूपीआई में गलत ट्रांजेक्शन को रिवर्स करने का कोई बटन नहीं है। अगर एक बार पैसे कट गए तो आप उस ट्रांजेक्शन को कैंसिल नहीं कर सकते हैं। एक बार ट्राजेक्शन सफल हो गया है, तो इसे बैंक अपने स्तर पर तब तक वापस नहीं ले सकता है। जब तक कि पैसे पाने वाला व्यक्ति इसके लिए अपनी सहमति न दे दे। जैसा कि यूपीआई एक वन-टाइम विंडो है, जिसका मतलब है कि पैसा पलक झपकते ही एक खाते से दूसरे चला जाता है। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि आप हाथ पर हाथ धरे बैठे रहें। अपनी मेहनत की कमाई को वापस प्राप्त करने के लिए सिस्टम में कुछ सुरक्षा चक्र बने हुए हैं।

**पैसे वापस पाने के लिए क्या करें?**

यदि आपसे गलती से पैसे गलत जगह ट्रांजेक्शन हो गए हैं, तो आप सबसे पहले उस व्यक्ति से संपर्क करने की कोशिश करें जिसके पास पैसे गए हैं। वह व्यक्ति ईमानदार है और पैसे वापस करने के लिए तैयार है, तो आपकी समस्या तुरंत ही सॉल्व हो जाएगी। अगर सामने वाला व्यक्ति सहयोग न कर, तो तुरंत अपने बैंक को सूचित करें। आप बैंक के एप या कस्टमर केयर पर रिपोर्ट इश्यू का ऑप्शन चूज करें। इसके बाद आपको एनपीसीआई (NPCI) के पोर्टल या भीम (BHIM) एप पर जाकर आधिकारिक तौर शिकायत दर्ज कर सकते हैं। ध्यान रहे कि आपको ट्रांजैक्शन का स्क्रीनशॉट और ट्रांजैक्शन आईडी संभाल कर रखें, क्योंकि शिकायत के दौरान यह सबसे बड़ा प्रमाण है।

**बैंक न सुनें, तो क्या करें**

अक्सर होता है कि बैंक के शुरआती स्तर पर सुनवाई नहीं होती है। ऐसी स्थिति में आपको बैंक के शिकायत निवारण विभाग का दरवाजा खटखटाना जरुरी है। इसके लिए वरिष्ठ अधिकारी आपकी समस्या को गंभीरता से सुनते हैं।

यदि बैंक के आंतरिक सिस्टम से भी आपको 30 दिनों के भीतर कोई समाधान न मिले, तो आप सीधे तौर पर भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के लोकपाल से संपर्क करें। इस बात का ध्यान रखें कि बैंक आपकी सिर्फ मदद कर सकता है। अगर पैसे पाने वाला व्यक्ति पैसे खर्च कर दिए या वापस करने से साफ मना कर दें, तो कानूनी प्रक्रिया लंबी और पेचीदा बन सकती है।

**बचाव ही सबसे बड़ा इलाज है**

गौरतलब है कि जल्दबाजी ही नकुसान का कारण बनती है। गलत ट्रांजैक्शन से बचने के लिए हमेशा मोबाइल नंबर टाइप करने के बजाय QR Code स्कैन करने को प्राथमिकता दें। यदि आप नंबर टाइप करके भुगतान कर रहे हैं, तो एक बार सामने वाले से नाम की पुष्टि दोबारा कर लें। अगर आप किसी को भारी रकम भेज रहे हैं, तो सबसे पहले आप उस व्यक्ति को 'टेस्ट ट्राजैक्शन' के तौर पर 1 रुपये भेजे सकते हैं, जब वह व्यक्ति कह दें कि उसको 1 रुपया मिल गया है, इसके बाद ही बाकी राशि का ट्रांसफर करें। इसके अलावा आप जब भी QR Code स्कैन करके पैसा का भुगतान कर रहे हैं, तो एक बार अमाउंट जरुर चेक करें इसके बाद ही भुगतान करें।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762

मेडिकल डायरेक्ट्री

बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएंः पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समयः 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU)
DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS MENS TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch 9324652370
Bandra Branch 8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682